# राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, मुख्यालय

परिवहन मार्ग, जयपुर

## बिड सूचना संख्या 01/2020–21

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मुख्य कार्यालय का नाम | | मुख्यालय, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर | | | |
| कार्यालय का नाम | | कार्यकारी प्रबन्धक(निर्माण), राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, मुख्यालय, परिवहन मार्ग, जयपुर | | | |
| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | बिड की अनुमानित लागत | कुल धरोहर राशि (2 प्रतिशत) | बिड शुल्क | निर्माण अवधि |
| 1 | केन्द्रीय कार्यशाला अजमेर में विविध मरम्मत कार्य | 8.52 लाख | 17040.00 रूपये | 500.00 | 3 माह |
| ऑनलाईन बिड फार्म मिलने की तारीख | | 08.10.2020 से दिनांक 19.10.2020 को सायं 6.00 बजे तक | | | |
| ऑनलाईन बिड फार्म जमा कराने की तारीख | | 08.10.2020 से दिनांक 19.10.2020 को सायं 6.00 बजे तक | | | |
| बिड खोलने की तारीख | | दिनांक 20.10.2020 को सायं 3.00 बजे | | | |
| बिड शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की तारीख | | दिनांक 20.10.2020 तक प्रातः 11.00 बजे तक इस कार्यालय में। | | | |

# राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, मुख्यालय

परिवहन मार्ग, जयपुर

**बिड सूचना संख्या 01/2020–21**

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सा.नि.वि. राजस्थान मे पंजीकृत संवेदको एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनो/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार/रेलवे इत्यादि मे पंजीकृत संवेदको से, जो राजस्थान सरकार के नियमानुसार सक्षम श्रेणी एवं उससे उच्च श्रेणी का हो, निर्धारित प्रपत्र में ई –टेण्डरिंग प्रकिया द्वारा ऑन लाइन बिड आमंत्रित की जाती है:–

| क. सं. | कार्य का नाम | बिड की अनुमानित लागत | कुल धरोहर राशि (2 प्रतिशत) | बिड शुल्क | निर्माण अवधि | बिड प्राप्त करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | केन्द्रीय कार्यशाला अजमेर में विविध मरम्मत कार्य | 8.52 लाख | 17040.00 रूपये | 500.00 | 3 माह | **कार्यकारी प्रबन्धक (निर्माण) रापनि, मुख्यालय, जयपुर** |

बिड प्रपत्रों को वेब साईट *http://eproc.rajasthan.gov.in* से डाउनलोड किया जा सकता है। इन बिड्स में भाग लेने वाले संवेदक बिड इलेक्ट्रोनिक फारमेट में वेबसाईट *http://eproc.rajasthan.gov.in* पर जमा कराऐं।

**बिड हेतु पात्र संवेदकों की श्रेणी:–**

किसी भी सीमा तक ''एए'' श्रेणी, संवेदक/ रूपये 300 लाख तक 'ए' श्रेणी, संवेदक/रूपये 150 लाख तक 'बी' श्रेणी, संवेदक/रूपये 50 लाख तक ''सी'' श्रेणी, संवेदक/रूपये 15.00 लाख तक ''डी'' श्रेणी संवेदक।

1. धरोहर राशि बिड प्रपत्र में दर्शाई गई कुल अनुमानित लागत की दो प्रतिशत होगी। धरोहर राशि एवं बिड प्रपत्र शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट वित्तीय सलाहकार, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर के नाम से देय होगा एवं टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क प्रति कार्य के लिए **रू. 500/–** का डिमाण्ड ड्राफ्ट **एम.डी. आर.आई.एस.एल. जयपुर** के नाम देय होगी।
2. बिड प्रपत्रों हेतु आवेदन/डाउनलोड की अवधि **दिनांक 08.10.2020 से दिनांक 19.10.2020** को सायं **6.00 बजे** तक होगी।
3. (अ) बिड प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में बेव साईट *http://eproc.rajasthan.gov.in* पर **दिनांक 08.10.2020 से दिनांक 19.10.2020 को सायं 6.00 बजे तक** जमा कराये जा सकते है एवं प्राप्त बिड इलेक्ट्रोनिक फारमेट में बेवसाईट *http://eproc.rajasthan.gov.in* पर संबंधित कार्यालय में **दिनांक 20.10.2020 को सायं 3.00 बजे खोली जायेगी।**

   (ब) बिड जमा करवाने के बाद बिड की समस्त प्रक्रिया ऑन लाइन होगी।

   (स) बिड खोलने की तिथि को किसी कारणवश अवकाश रहता है, तो अगले दिन उसी समय बिड खोली जायेगी।

   (द) रू. 100.00 लाख से कम की बिड्स की वित्तीय बिड नियमानुसार खोली जावेगी। रू. 100.00 लाख से अधिक एवं रू. 200.00 लाख तक की बिड्स के लिए पोटेन्सियल बिड पद्वति अपनायी

जायेगी एवं रू. 200.00 लाख से अधिक की बिड्स के लिए पोस्ट क्वालिफिकेशन पद्वति अपनाई जायेगी, उसके अनुसार तकनीकी आंकलन में सफल बिडकर्ता की वित्तीय बिड को खालेने की सूचना बिडकर्ताओं को ई–मेल से दी जावेगी।

4. कार्यों के सम्मुख उपरोक्तानुसार वर्णित कार्यालय में संवेदक द्वारा **दिनांक 08.10.2020 से दिनांक 19.10.2020** तक किसी भी कार्य दिवस में 11.00 बजे पूर्वान्हन से 4.00 बजे अपरान्ह तक देखा जा सकता है अथवा वेबसाईट *http://eproc.rajasthan.gov.in* पर भी देखा जा सकता है। बिड प्रपत्रों में बिडकर्ता के लिए योग्यता सूचना तथा बिडकर्ता की पात्रता, प्लान, स्पेसिफिकेशन, ड्राइंग विभिन्न कार्यों की मात्रा एवं दरों का विवरण, नियम, शर्तें एवं अन्य विवरण वर्णित है।
5. बिडकर्ता द्वारा बिड शुल्क/प्रोसेसिंग फीस/धरोहर राशि का डिमाड ड्राफ्ट इस कार्यालय में **दिनांक 20.10.2020 तक प्रातः 11.00 बजे तक जमा कराना** आवश्यक है।
6. बिड खोलने की दिनांक से **90 दिवसों** तक बिड स्वीकृति हेत मान्य *(open)* रहेगी। यदि बिडकर्ता उस अवधि में अपनी बिड अथवा शर्तो में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी बिड वापस ले लेता है तो उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी। नियमानुसार दोष निवारण की अवधि कार्य पूर्णता के पश्चात् तीन वर्ष रहेगी।
7. यदि संवेदक नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त सम्बन्धी व उनके पति/पत्नि) निर्माण शाखा में कार्यरत कर्मचारी एवं अधिकारी किसी भी स्तर पर पदस्थापित हो तो उसके कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबन्ध रहेगा।
8. राज्य सरकार में किसी भी अभियांत्रिकी विभाग में किसी भी इंजीनियर अथवा इंजीनियरिंग या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी राज्य सरकार की अनुमति के बिना सेवा निवृति के 2 वर्ष तक संवेदक अथवा उसके कर्मचारी के रूप में कार्य नहीं कर सकेगे। यदि संवेदक अथवा उसके कर्मचारियों में कोई ऐसा व्यक्ति जिसने राज्य सरकार की उक्त लिखित अनुमति बिड जमा कराने से पहले अथवा संवेदक के यहाँ सेवाऐं लेने से पहले अनुमति नहीं ली है तो अनुबन्ध रद्द किया जा सकेगा।
9. बिडकर्ता इन प्रपत्रो को *Download* कर सकते है। बिडकर्ता द्वारा धरोहर राशि, बिड शुल्क, प्रोसेसिंग फीस डिमांड ड्राफ्ट के रूप में इस कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय तक जमा कराना आवश्यक है।
10. किसी भी बिड को स्वीकार करने एवं बिना कारण बतायें निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।
11. संवेदक द्वारा उक्त कार्य के लिये निर्धारित मशीनरी जो बिड की स्पेशल कण्डीशन में वर्णित है, को स्वयं के पास होने या किराये पर लेने का प्रमाण पत्र देना होगा।
12. कार्य पूर्ण करने की अवधि में मानसून अवधि सम्मिलित है।
13. कार्य का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार तीन वर्ष तक रहेगा।
14. बिडकर्ता द्वारा प्रस्तुत दर का दर विश्लेषण बिड के साथ ही प्रस्तुत (upload) किया जाना अनिवार्य होगा।
15. बिडकर्ता जी.एस.टी. विभाग में पंजीकृत होना आवश्यक होगा एवं जी.एस.टी. का समस्त दायित्व बिडकर्ता का ही होगा।
16. बिडकर्ता पी.एफ. विभाग(कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) में पंजीकृत होना आवश्यक होगा।
17. ई–टेन्डरिंग के लिए बिडकर्ता हेतु निर्देश :–

    (अ) इन बिड्स में दिलचस्पी लेने वाले बिडकर्ता बिड प्रपत्रो को इन्टरनेट साईट *http://eproc.rajasthan.gov.in* से डाउनलोड *(Download)* कर सकते है।

(ब) बिड्स में भाग लेने वाले बिडकर्ताओं को इन्टरनेट साईट *http://eproc.rajasthan.gov.in* पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑन लाइन बिड में भाग लेने के लिए डिजिटल सार्टिफिकेट इनफोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रोनिक बिड में साइन करने हेतु काम आयेगा। बिडकर्ता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सी सी ए *(CCA)* द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन बिडकर्ताओं के पास पूर्व में वैद्य डिजिटल सर्टिफिकेट है, नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।

(स) बिडकर्ताओं को बिड प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फार्मेट में उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिसके प्रस्ताव डिजिटल साइन के साथ नहीं होगें, उनके प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेगें। कोई भी प्रस्ताव अकेले भौतिक फार्म में स्वीकार्य नहीं होगा।

(द) ऑन लाइन बिड्स निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपरोक्त क्रम संख्या 3 के अनुसार खोली जावेगी।

(य) इलेक्ट्रोनिक बिड प्रपत्रों को जमा कराने से पूर्व बिडकर्ता यह सुनिश्चित कर लेवें कि बिड प्रपत्रों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी बिड प्रपत्रों के साथ अटेच कर दी गयी है।

(र) कोई भी टेंडर इलेक्ट्रोनिकली जमा कराने में किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नहीं होगा।

(र) टेंडर के प्रपत्रों में आवश्यक सभी सूचियों को संपूर्ण रूप से भरकर ऑन लाईन दर्ज करे।

कार्यकारी प्रबन्धक(निर्माण)